पीजीइएक्सपी के लिए 25 मार्च तक करें आवेदन

रांची. आइआइएम रांची ने सत्र 2020-22 के पीजीइएक्सपी (पोस्ट ग्रेजुएट एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम) कोर्स के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है. इच्छुक अभ्यर्थी 25 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे. आवेदन करनेवाले विद्यार्थियों का इट्रेंस टेस्ट पांच अप्रैल को आयोजित किया जायेगा. आवेदन के लिए अभ्यर्थियों को 2,000 रुपये आवेदन शुल्क के रूप में अदा करने होंगे. पीजीइएक्सपी कोर्स के लिए फीस 10 लाख रुपये निर्धारित की गयी है. विद्यार्थी इस कोर्स को पांच किस्त में जमा कर सकेंगे. इंट्रेंस टेस्ट में पास करनेवाले विद्यार्थी से नामांकन के दौरान एक लाख रुपये लिये जायेंगे. इसके बाद विद्यार्थियों को 1 लाख 80 हजार रुपये के पांच इंस्टॉलमेंट में फीस जमा करानी होगी. दो साल के पीजीइएक्सपी कोर्स में ग्रेजुशन पास विद्यार्थी नामांकन करा सकेंगे. कार्स के लिए अभ्यर्थी आवेदन ऑनलाइन कर सकते है. इस कोर्स से सीए और सीएस या जॉब प्रोफेशनल्स जुड़ सकते हैं.

Prabhat Khabar, 18.03.2020, Pg. 01 (supli.)